
आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 19 मार्च 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 121
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर उमड़ा शोक



पेज-2

फिर होगा भारत- पाकिस्तान का मुकाबला



पेज-5

अब बिना स्मार्ट मीटर भी मिलेगा कनेक्शन



पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- 2026 उपचुनाव : गोवा–नागालैंड–त्रिपुरा–कर्नाटक में बीजेपी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी
- एमएसपी भारत जोड़ो यात्रा का समापन आज दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत के साथ
- राहुल गांधी की नागरिकता विवाद याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ बेंच में आज सुनवाई
- रास लफ्फान में आग पर पूरी तरह काबू, कोई हताहत नहीं : कतर
- एअर इंडिया : वेस्ट एशिया के लिए 48 फ्लाइट्स ऑपरेट होंगी, दुबई उड़ान फिर शुरू
- खाड़ी देश हमले का जवाब देना जानते हैं : सऊदी की ईरान को धमकी
- अल–फलाह यूनिवर्सिटी मनी लॉन्ड्रिंग केस में श्वष्ठ की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में आज सुनवाई
- ईसीआई की सख्ती – बंगाल के 15 आईपीएस अफसरों की तैनाती दूसरे राज्यों में ऑब्जर्वर के तौर पर
- घरेलू शेयर बाजार पर जंग का साया; सेंसेक्स 1953 अंक टूटा, निफ्टी 23200 के नीचे









हिन्दू नव वर्ष की बेला पर मुख्यमंत्री निवास पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी सूर्य को अर्घ्य दिया, वहीं इंदौर में राजबाड़े पर लोकसंस्कृति मंच के द्वारा सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया एवं इधर भाजपा के कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने भी हिंदू नववर्ष का स्वागत किया।

# इंदौर नगर निगम को नहीं भरोसा मेट्रो प्रबंधन पर, बुलडोजर चलाने से पहले मांगे 1 करोड़

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर • शहर में चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट के बीच एक अहम प्रशासनिक मुद्दा सामने आया है। नगर निगम ने मेट्रो निर्माण कार्य में बाधा बन रही दुकानों को हटाने के लिए मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से लगभग 1 करोड़ रुपए की मांग की है। यह राशि उन 28 दुकानों को हटाने के बदले में मांगी गई है, जो वर्तमान में मेट्रो निर्माण के रास्ते में आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, ये दुकानें मुख्य रूप से शिवाजी मार्केट और छोटा गणपति क्षेत्र में स्थित हैं।**







**काम बढ़ाने केलिए दुकानें हटाना जरूरी**–मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत इन जगहों पर स्टेशन और अन्य संरचनाओं का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए भूमि खाली कराना जरूरी है। अधिकारियों के अनुसार, शिवाजी मार्केट में 16 दुकानों और छोटा गणपति मंदिर के पास 12 दुकानों को हटाना आवश्यक है, ताकि निर्माण कार्य बिना रुकावट आगे बढ़ सके। नगर निगम का कहना है कि ये सभी दुकानें उसकी संपत्ति के अंतर्गत आती हैं, इसलिए इन्हें हटाने की प्रक्रिया और उससे जुड़े खर्च का वहन मेट्रो कंपनी को करना होगा।

**नगर निगम ने पहले भुगतान की शर्त रखी**–इसी कारण निगम ने पहले भुगतान की शर्त रखी है, जिसके बाद ही तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की जाएगी। अधिकारियों का यह भी कहना है कि जैसे ही निर्धारित राशि प्राप्त हो जाएगी, तुरंत अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। मेट्रो परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यह राशि जल्द ही जमा कर दी जाएगी, जिससे काम में हो रही देरी खत्म हो सकेगी। इन दुकानों के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है और परियोजना की गति धीमी पड़ रही है।

### छोटा गणपति क्षेत्र से 10 गुमटियां भी हटेंगी

कई दुकानें पहले ही बंद हो चुकी हैं, क्योंकि निर्माण स्थल के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई है, जिससे वहां पहुंचना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, छोटा गणपति क्षेत्र में मौजूद लगभग 10 अस्थाई गुमटियों को भी हटाने की योजना है। चूंकि ये स्थायी निर्माण नहीं हैं, इसलिए इन्हें हटाने के लिए किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इन कदमों से मेट्रो परियोजना को तेजी मिलेगी और शहर के यातायात ढांचे में सुधार की दिशा में काम आगे बढ़ेगा।

# किसी का रिकॉर्ड नहीं मिल रहा तो किसी को बार-बार टैक्स के मैसेज

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल •** परिवहन विभाग के एनआईसी पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण राजधानी सहित प्रदेश में 3000 से ज्यादा वाहन मालिक प्रभावित हैं। किसी के वाहन का रिकॉर्ड पोर्टल पर गायब है तो किसी को बार–बार टैक्स जमा करने के लिए मैसेज आ रहे हैं। यह सब एनआईसी पोर्टल की तकनीकी समस्या के चलते हो रहा है। वहीं शिकायतें बढ़ने के बाद ट्रांसपोर्ट कमिश्नर उमेश जोगा ने एनआईसी अफसरों को समस्या दूर करने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद पोर्टल के कर्मी समस्या के हल में जुटे हैं, हालांकि सूत्रों के मुताबिक इस काम में एक सप्ताह से ज्यादा का समय लग सकता है। दरअसल तकनीकी खामी के कारण आ रहीं मख्य समस्याओं में वाहन ट्रांसफर के समय पूरा लाइफ टाइम टैक्स नहीं दिखना, 15 साल पुराने वाहनों पर बार–बार टैक्स अपडेट का मैसेज आना और

- ■ एनआईसी पोर्टल में तकनीकी खराबी का खामियाजा भुगत रहे हजारों वाहन मालिक
- ■ टीसी के निर्देश के बाद खामी सुधारने में जुटे एनआईसी के कर्मी, लग सकता है समय

पुराने लाइसेंस नंबरों, हाइफन–डी वाले का डेटा गायब होना शामिल है। इसके चलते वाहनों का ट्रांसफर अटक रहा है। टैक्स दो हिस्सों में जमा है, तो सिस्टम केवल आखिरी राशि दिखाता है। दूसरी तरफ पुराने वाहनों पर टैक्स बकाया के मेसेज लगातार आ रहे हैं। कमर्शियल वाहन की उम्र 15 साल होने पर ऑनलाइन आवेदन पर बार–बार टैक्स अपडेट का संदेश आता है, जिससे डबल पेमेंट का खतरा बढ़ रहा है। हाइफन–डी वाले लाइसेंस का डेटा ही गायब है। पुराने स्मार्ट चिप पोर्टल से जारी लाइसेंस नए पोर्टल पर नहीं दिखाई दे रहे हैं। इससे रिन्यूअल और डुप्लीकेट प्रक्रिया बाधित हो रही हैं।

**भोपाल सहित इन शहरों में परेशानी**–इस तरह की सबसे ज्यादा शिकायतें भोपाल, इंदौर, सागर, देवास, धार, दमोह और बालाघाट के आरटीओ दफ्तरों में पिछले दिनों में बढ़ गई हैं। सीएम हेल्पलाइन तक में मामले की शिकायत हो रही हैं। इसके बाद परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने एनआईसी के अफसरों के साथ बैठक कर समस्या सुलझाने के निर्देश दिए।

# डीएवीवी ने तीन कॉलेजों को परीक्षा केंद्रों की सूची से हटाया

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर •** चल रही स्नातक परीक्षाओं के दौरान हवाई निरीक्षण में गंभीर उल्लंघन पाए जाने के बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने तीन कॉलेजों को एक साल के लिए अपनी परीक्षा केंद्रों की सूची से हटा दिया है।





यह निर्णय अचानक किए गए निरीक्षणों के बाद लिया गया है, जिनमें कई केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी की कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव पाया गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश सिंघाई के नेतृत्व में किए गए निरीक्षणों से पता चला कि चिह्नित 11 संस्थानों में से तीन कॉलेजों ने परीक्षा हॉल और प्रश्न पत्र खोलने वाले कमरों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए थे, जो पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अधिकारियों को कई केंद्रों में बुनियादी ढांचे की कमी भी मिली। अपर्याप्त बैठने की व्यवस्था, खराब पंखे, कम रोशनी और पीने के पानी की सुविधा का अभाव जैसी शिकायतें सामने आईं। कुछ मामलों में तो प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था भी नदारद थी, जिससे परीक्षाओं के संचालन को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब लगभग 160 केंद्रों पर बीए, बीकॉम और बीएससी जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षा में 45,000 से अधिक छात्र शामिल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय ने पहले ही सभी संबद्ध कॉलेजों के लिए 2026 से परीक्षा केंद्र के रूप में कार्य करना अनिवार्य कर दिया था, साथ ही बुनियादी ढांचे और निगरानी के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश भी जारी किए थे।

परीक्षा नियंत्रक आशीष तिवारी ने कहा कि ब्लैकलिस्ट किए गए कॉलेजों को कमियों को दूर करने के लिए सीमित समय दिया गया है। अनुपालन न करने पर संबद्धता रद्द करने सहित कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब विश्वविद्यालय अपनी परीक्षा प्रणाली को और सख्त बना रहा है। कई वर्षों बाद फ्लाइंग स्क्वाड की पुनः शुरुआत डीएवीवी द्वारा अनुशासन लागू करने और अपनी परीक्षा प्रणाली में विश्वसनीयता बहाल करने के नए प्रयासों का संकेत है।

# अयोध्या में आज इतिहास का साक्षी बनेगा राम मंदिर

## आज राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अयोध्या (एजेंसी) •** रामनगरी अयोध्या में आज आस्था, परंपरा और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर द्रौपदी मुर्मू श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में अभिजीत मुहूर्त पर द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना और पूजन करेंगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में करीब 7,000 विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। राष्ट्रपति का आगमन आज महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर होगा, जहां से वह सीधे मंदिर परिसर पहुंचेंगी। उनका अयोध्या प्रवास लगभग चार घंटे का रहेगा।

इस विशेष अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और कई प्रमुख संत–महात्मा मौजूद रहेंगे। केरल की आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी और संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय



होसबोले भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। यंत्र स्थापना के बाद राष्ट्रपति प्रथम तल पर विराजमान रामलला के दर्शन–पूजन और आरती करेंगी। इसके अलावा वह सप्तमंडपम में स्थित महर्षि वाल्मीकि, माता शबरी और निषादराज के मंदिरों में भी दर्शन करेंगी। इसे सामाजिक समरसता और समावेशी संदेश के रूप में देखा जा रहा है। राम मंदिर निर्माण की कहानी करोड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी से जुड़ी है। निधि समर्पण अभियान की शुरुआत तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की थी।

# सम्राट चौधरी होंगे बिहार के मुख्यमंत्री? नीतीश कुमार ने दिया बड़ा मैसेज

**पटना (एजेंसी) •** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'समृद्धि यात्रा' के तहत मंच पर साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी थे। इस दौरान नीतीश ने बिहार के अगले मुख्यमंत्री को लेकर बड़ा इशारा कर दिया। उन्होंने सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा और उनके समर्थन में लोगों से हाथ को उठवाया। सीएम ने कहा कि अब सब काम यह (सम्राट) करेंगे।

अब सवाल उठ रहा है कि क्या नीतीश ने यह मैसेज देने की कोशिश की कि सम्राट चौधरी ही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे? यह भी प्रश्न खड़ा हो रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के लिए नीतीश की पहली पसंद सम्राट हैं? क्या नीतीश ने यही बताने की कोशिश की है?

**राज्यसभा जा रहे हैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार**–बता दें नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए हैं। 10 अप्रैल के बाद उनका टर्म शुरू हो रहा है। अगले महीने वे मुख्यमंत्री की



कुर्सी छोड़ सकते हैं। उसके बाद बिहार में नई सरकार का गठन होगा। इसकी पूरी संभावना है कि बिहार में इस बार बीजेपी का मुख्यमंत्री हो सकता है। ऐसे में नीतीश कुमार का सम्राट चौधरी को लेकर दिया गया बयान कई मायनों में खास है। यह पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को लेकर इस तरीके की बात कही है। अभी कुछ दिन पहले ही कटिहार में कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने मंच पर मौजूद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पीठ थपथपाई थी।

# एचडीएफसी बैंक में बड़ा झटका! चेयरमैन चक्रवर्ती का अचानक इस्तीफा

**मुंबई (एजेंसी) •** देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक में उस समय हलचल मच गई, जब इसके पार्ट–टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। 18 मार्च को दिए गए इस इस्तीफे ने बैंकिंग सेक्टर में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब उन्होंने अपने फैसले के पीछे नैतिक कारणों का हवाला दिया है।

अतनु चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफे में साफ कहा कि पिछले दो वर्षों में बैंक के भीतर कुछ ऐसी एक्टिविटी और कामकाज देखने को मिले, जो उनके पर्सनल मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने पद छोड़ने का फैसला लिया। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके इस्तीफे के पीछे कोई और बड़ा कारण नहीं है।

इस्तीफे के तुरंत बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए केकी मिस्त्री को 19 मार्च



से अगले तीन महीनों के लिए अंतरिम पार्ट–टाइम चेयरमैन नियुक्त किया है। अब उनकी जिम्मेदारी होगी कि इस संक्रमण काल में बैंक के संचालन को स्थिर बनाए रखें। अतनु चक्रवर्ती ने साल 2021 में बैंक के बोर्ड को जॉइन किया था। उनके कार्यकाल में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड के बीच ऐतिहासिक मर्जर हुआ, जिसने बैंक को देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बना दिया। हालांकि उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा कि इस मर्जर के पूरे फायदे अभी सामने आना बाकी हैं।

# शंख ध्वनि-मंत्रोच्चार के साथ हुआ नव संवत्सर का स्वागत

## गुड़ी पड़वा पर चाणक्यपुरी चौराहे पर बंधी गुड़ी, उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर मनाया नया वर्ष



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति कार्यक्रम मुख्य संरक्षक मधु वर्मा और आयोजक मलय वर्मा ने बताया कि हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर आज सुबह चाणक्यपूरी चौराहे पर परम पूजनीय संत दादू महाराज, प्रवीण पानसे, सुनील शास्त्री, मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मधु वर्मा की उपस्थिति में सेंकड़ों नागरिकों ने उगते हुए सूर्य को जल का अर्ध्य देकर नए वर्ष का स्वागत किया।

आयोजक मलय वर्मा ने बताया कि आज का दिन कई महत्त्वपूर्ण प्रसंगों के कारण एतिहासिक है, आज के पावन दिन सृष्टि की रचना हुई थी, राम जी युद्ध के बाद अयोध्या लौटे तो नागरिकों ने गुड़ी बाँधकर हर्ष व्यक्त किया। हिन्दू नववर्ष पर प्रतिवर्ष चाणक्यपूरी चौराहे पर पिछ्ले 23 वर्षों से निरंतर गुड़ी पड़वा का आयोजन किया जा रहा है। आज संतजनों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में रहवासियों ने पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के साथ उगते हुए सूर्य नारायण देव को जल का अर्ध्य देकर नव संवत्सर का स्वागत किया है। पारंपरिक गुड़ी का पूजन भी किया गया। श्रीखंड का भोग भी अर्पित किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों को विक्रम संवत 2083 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया हिंदू वर्ष आप सभी के जीवन में खुशहाली लेकर आए। सूर्य नारायण देव से आपको असीम ऊर्जा प्राप्त हो, जिससे आप अपने कार्यक्षेत्र में प्रगति के नए सोपान रचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प में भागीदार बन सके।

## भाजपा कार्यालय पर लगा श्रीखंड का भोग और हुआ गुड़ धनिये का वितरण

हिंदू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा के पावन पर्व के अवसर पर आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन जावरा कंपाउंड, भाजपा कार्यालय पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता और प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे की उपस्थिति में पारंपरिक गुड़ी पूजन हुआ । भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूर्यनारायण देव आप सभी को नई ऊर्जा प्रदान करे। माँ दुर्गा सभी को उन्नति और खुशहाली प्रदान करे। भाजपा कार्यालय पर पारंपरिक गुड़ी सजाई गयी, ब्राह्मण द्वारा विधिवत



मंत्रोच्चार के साथ गुड़ी का पूजन किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने सभी नेताओं को श्रीखंड खिलाकर हिंदू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गुड धनिये का वितरण भी किया। इस अवसर पर अंजू माखीजा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, कैलाश पीपले, राकेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह केसरी, भारत पारख, अभिषेक बबलू शर्मा, अश्विनी शुक्ला, कमल वाघेला, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, नितिन शर्मा, इंदु श्रीवास्तव, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, सर्वजीत गौड, वृंदा गौड, राजा कोठारी, सुषमा पटेल, नारायणी बरेठा, सुधा सुखयानी, मंजू ठाकुर, सुनीता जयपाल, ज्योति पंडित, अनीता व्यास, नागेश पंवार, पवन पंवार, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रस्फुटन समितियो का शक्ति संचय प्रशिक्षण संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सांवेर के चंद्रावतीगंज सेक्टर मे नवांकुर संस्था सरस्वती विद्या मंदिर समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर की सभी समितियों से सदस्यगण तथा नवांकुर सखी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में सांवेर से जितेंद्र जटिया सांसद प्रतिनिधि और विकासखण्ड समन्वयक मीना त्रिवेदी परामर्शदाता दीपक जारवाल, कुमारेश जौहरी, राजेश सिसोदिया , रवि साड़ीवाल के उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन एवं अतिथि सत्कार के पश्चात कार्यक्रम आरम्भ हुआ। समग्र ग्राम विकास पर प्रकाश डालते हुए जितेंद्र जटिया ने बताया कि भारत सरकार की प्राथमिकता मे आदर्श ग्राम योजना है जैसे सांसद आदर्श गांव, प्रधानमंत्री आदर्श गांव इस प्रकार जब इन ग्रामो मे अच्छे काम होते है तो उसका प्रभाव अन्य ग्रामो मे भी पड़ता है। आज की स्थिति मे गांवो की दशा बदली है वर्तमान मे गांव स्वच्छ है, गांव-गांव तक पक्की सड़के, पक्के मकान, 24 घण्टे बिजली की व्यवस्था है, भारत सरकार के डिजिटलीकरण से ष्टस्ष्ट सेन्टर के माध्यम से कई कार्य गांव मे ही हो जाते है गांव से दूर जाने की भी जरूरत नही होती है।

## अवकाश के दिन खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मार्च के राजस्व संग्रहण महा अभियान एवं उपभोक्ता सुविधा के मद्देनजर इंदौर, उज्जैन, रतलाम जिले सहित मालवा निमाड़ के सभी 435 जोन, वितरण केंद्र के तहत बिजली बिल भुगतान केंद्रों को मार्च के शेष दिनों में प्रतिदिन खुले रखने का निर्णय लिया हैं। भुगतान केंद्र शनिवार, रविवार को अवकाश के दिन के साथ ही गुड़ी पड़वा 19 मार्च, चेतीचांद 20 मार्च, ईद उल फितर 21 मार्च, रविवार 22 मार्च को अवकाश के दिन भी खुल रहेंगे। बिजली उपभोक्ता बकाया देयकों का इन केंद्रों पर कार्यालय अवधि में भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा कैशलेस तरीके से देयकों का घर बैठे पेटीएम, फोन पे, गुगल पे, अमेजान इत्यादि माध्यमों, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड से भुगतान किया जा सकता हैं। कैशलेस बिजली बिल भुगतान पर प्रत्येक बिल पर निर्धारित छूट प्रदान की जाती हैं, यह कैशलेस छूट अगले बिल में स्पष्ट उल्लेखित होती हैं।

## बॉम्बे अस्पताल में अब लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बॉम्बे अस्पताल में अब मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए ग्लेनेईगल्स अस्पताल के साथ बॉम्बे अस्पताल ने साझेदारी की है। इस पहल के तहत इंदौर और आसपास के मरीजों को अब लिवर संबंधी जांच, परामर्श और एडवांस उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिलेगी। इस ओपीडी सेवा के माध्यम से फैटी लिवर, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस और लिवर संक्रमण जैसी बीमारियों के मरीजों को समय पर विशेषज्ञ सलाह मिल सकेगी। जरूरत पड़ने पर मरीजों को उन्नत इलाज के लिए मुंबई स्थित ग्लेनेईगल्स अस्पताल रेफर किया जाएगा। ग्लेनेईगल्स अस्पताल के लिवर ट्रांसप्लांट डायरेक्टर डॉ. अनुराग श्रीमाल ने बताया कि आधुनिक तकनीकों के चलते अब स्प्लिट लिवर ट्रांसप्लांट, एबीओ इनकम्पैटिबल लिविग डोनर ट्रांसप्लांट, डीडीएलटी और रोबोटिक ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्लेनेईगल्स अस्पताल के सीईओ डॉ. बिपिन चेवाले ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य मरीजों को समय पर और सुलभइलाज उपलब्ध कराना है, वहीं बॉम्बे अस्पताल इंदौर के डायरेक्टर मेडिकल सर्विसेज डॉ. दिलीपसिह चौहान के अनुसार, इस सहयोग से मरीजों को एक ही स्थान पर जांच और ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी।

## ‘लोकरंग उत्सव’ का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती के अंतर्गत आकाशवाणी इंदौर द्वारा विक्रमोत्सव 2026 के अवसर पर, वीर भारत न्यास के सहयोग से आयोजित ‘लोकरंग उत्सव’ का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन आकाशवाणी परिसर, मालवा हाउस इंदौर में मंगलवार को अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1987 के बाद यह पहला अवसर रहा जब आकाशवाणी इंदौर में इतने विशाल स्तर पर लोकसंस्कृति का विराट आयोजन देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक एवं अभियांत्रिकी प्रमुख अभय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

## सिद्धों की आराधना से पापों का नाश होता है, अपने बच्चों को भी विधान में जरूर लाएं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती तक निकल रही भव्य शोभा / पालकी यात्रा आज अनंतनाथ एवं अरहनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर भव्यता के साथ पूज्य मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रात: 7:00 बजे वैभव नगर के पदम प्रभु जिनालय से बेंड बाज़ों के साथ निकली। पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में एवं महिलाएं केसरिया साड़ी में शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। जगह-जगह मुनि श्री का पाद प्रक्षालन हुआ व आरती उतारी गई।

भक्तगण पूरे रास्ते पालकी में विराजित भगवान को अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे । उदय नगर जिनालय के प्रांगण में आर्यिका मां विज्ञान मति माताजी ससंघ के सानिध्य में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान मैं पहुंचने पर पूरे संघ ने पूज्य मुनि श्री जी के चरणों में नमोस्तु निवेदित किया।

मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सिद्धों की आराधना से पापों का नाश होता है आप सभी को बच्चों को भी विधान में जरूर लाना चाहिए। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज उदय नगर में चल रहे विधान में सामाजिक संसद के दोनों अध्यक्ष विनय



बाकलीवाल एवं आनंद गोधा ने पूज्य मुनि श्री एवं आर्यिका माताजी ससंघ को 30 मार्च को कांच मंदिर इतवारिया बाजार से महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में पधारने हेतु श्री फल समर्पित किये। आज की भव्य शोभा / पालकी यात्रा के संयोजक थे - श्री विद्यासागर सोशल ग्रुप इंदौर एवं प्लैटिनम ग्रुप।

## प्यासे को पानी पिलाना ईश्वर की सबसे बड़ी इबादत—जिला न्यायाधीश

### विश्व जल दिवस सप्ताह में देपालपुर में 60 दिवस हेतु नि:शुल्क आर.ओ. जल प्याऊ का शुभारंभ, वैश्य समाज की सराहनीय पहल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● विश्व जल दिवस सप्ताह के अवसर पर वैश्य समाज महासम्मेलन, देपालपुर एवं तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के संयुक्त तत्वावधान में नगर में 60 दिवस हेतु नि:शुल्क शीतल आर.ओ. जल वितरण (प्याऊ) का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओपी संघप्रिय सम्राट ने की। इस अवसर पर थाना



प्रभारी रणजीत सिंह बघेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने प्रेरक उद्बोधन में वैश्य समाज के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस पुनीत जनसेवा कार्य के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहाप्यासे को पानी पिलाना केवल मानव सेवा नहीं, बल्कि ईश्वर की सच्ची इबादत है।

उन्होंने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य सामाजिक संवेदनशीलता, सेवा भावना एवं मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। अपने सारगर्भित वक्तव्य में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जल संकट एक गंभीर वैश्विक चुनौती के रूप में उभर रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह जल का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए उसके संरक्षण के प्रति सजग रहे, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह अमूल्य धरोहर सुरक्षित रह सके।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगल शिखर कलशारोहण एवं ध्वज स्थापना महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, विद्या पैलेस में 20 मार्च से 21 मार्च तक भव्य मंगल शिखर कलशारोहण एवं ध्वज स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि श्रंमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज एवं आचार्य श्री सुलभसागरजी महाराज के पावन आशीर्वाद से, परम पूज्य श्रुत संवेगी श्रमण मुनि श्री आदित्यसागरजी महाराज मुनिश्री अप्रमित सागर जी महाराज मुनिश्री सहज सागर जी महाराज एवं छुल्लक श्री श्रेयस सागर ससंघ के पावन सान्निध्य में यह महोत्सव संपन्न होगा। मयंक जैन ने सकल जैन समाज से आह्वान करते हुए कहा कि इस महोत्सव में सपरिवार पधारकर धर्म लाभ प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य करें कार्यक्रम विवरण : गुरुवार, 19 मार्च, प्रात: 7:00 बजे - नित्य नियम पुजा अभिषेक, शांतिधारा, जाप स्थापना शुक्रवार, 20 मार्च - प्रात: 7:00 बजे से - अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन, शिखर शुद्धि, ध्वजा शुद्धि, याग मंडल विधान एवं वास्तु विधान शनिवार, 21 मार्च प्रात: 7:00 बजे से - अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजन, मुनिसंघ की मंगल देशना पश्चात कलशारोहण, ध्वजारोहण आयोजक: श्री पार्श्वनाथ दिग. जैन मंदिर, विद्या पैलेस एवं सकल जैन समाज, इंदौर

### बज्रेश्वरी एनएक्स हादसे ने खड़े किए सुरक्षा और त्वरित राहत पर सवाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के बज्रेश्वरी एनएक्स क्षेत्र में हुए कार चार्जिंग से जुड़े भीषण हादसे में पुंगलिया एवं सेठी परिवार के सदस्यों के असामयिक निधन पर शहरभर में शोक की लहर व्याप्त है। इस दुखद घटना में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। साई भक्त कमल साबू जैन सोशल ग्रुप के सदस्यों—आशीष जैन, डॉ. भरत साबू, श्रीमती नेहा जैन, प्रकाश जैन पारख, नगिन जैन (खिरकिया), पत्रकार बाबू भाई पवार, पत्रकार हीरालाल वर्मा सहित अन्य उपस्थितजनों ने दिवंगतों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि वे शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### मुख्यमंत्री आज ‘जल गंगा संवर्धन अभियान’ का करेंगे शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज गुरुवार को हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर सांवेर विधानसभा के निपानिया में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। ईस्कॉन मंदिर एवं निपानिया तालाब परिसर में राज्य स्तरीय ‘जल गंगा संवर्धन अभियान’ का भव्य शुभारंभ किया जाएगा।

# सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर उमड़ा शोक

## प्रदेशभर से आए गणमान्य नागरिकों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि..

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी तथा नेत्रदानी स्व. गगन वर्मा एवं पवन वर्मा की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती सुभद्रा वर्मा के निधन पर संपूर्ण प्रदेश में शोक की लहर व्याप्त है। उनके देवलोक गमन (15 मार्च 2026) के पश्चात आयोजित शोकसभा में प्रदेशभर से आए गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित शोकसभा बुधवार को इंदौर स्थित गुरु अमरदास हॉल (चोइथराम हॉस्पिटल के समीप) में संपन्न हुई, जहां वातावरण







अत्यंत गमगीन एवं भावुक रहा। उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से स्व. सुभद्रा वर्मा को नमन करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट कीं।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दिवंगत के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्व. सुभद्रा वर्मा का सादगीपूर्ण, करुणामय एवं सेवाभावी जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, नकुल नाथ, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन यादव, विधायक महेश परमार एवं वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिको ने उन्होंने दूरभाष, संदेशों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी शोक संवेदनाएं प्रेषित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा उपरांत सज्जन सिंह वर्मा के निज निवास 122, पलसीकर कॉलोनी, इंदौर पर भी बड़ी संख्या में आमजन एवं शुभचिंतक पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। परिवार की ओर से आग्रह किया गया है कि जो भी नागरिक अपनी संवेदनाएं व्यक्त करना चाहते हैं, वे निवास स्थान पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर सकते हैं। शोकसभा में दिल्ली, भोपाल, इंदौर, देवास, उज्जैन, धार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं, कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सज्जन सिंह वर्मा, उनके पुत्र पवन वर्मा,ओम प्रकाश वर्मा (पहलवान), फतेह सिंह वर्मा, अर्जुन वर्मा, अजय सिंह वर्मा, हरि सिंह वर्मा, बलवंत वर्मा, अर्जुन वर्मा, इंदौर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय वर्मा, रिंकू वर्मा, दीपक वर्मा, आकाश वर्मा, आनंद वर्मा, आलोक वर्मा, यजुवेंद्र वर्मा, विजय वर्मा, अनुराग वर्मा, विवेक वर्मा, अनुज वर्मा, उत्कर्ष वर्मा सहित समस्त वर्मा परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक बैठक मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री तुलसी राम सिलावट, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, विधायकद्वय पंकज उपाध्याय, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेन्दौला, हनी बघेल, राजेश सोनकर, मालिनी गौड़, गोलू राकेश शुक्ल सहित गणमान्य नागरिकों ने श्रीमती सुभद्रा वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कीं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 19 मार्च 2026

# सूर्य को अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष की शुरुआत, गुड़ी पड़वा पर सीएम करेंगे तरणताल-नैवेद्य लोक का लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●गुरुवार को गुड़ी पड़वा के अवसर पर हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का शुभारंभ उत्साह और आस्था के साथ हुआ। सुबह श्रद्धालु रामघाट पर एकत्र होकर शिप्रा नदी में पूजन किया इस दौरान महिलाओ ने शंख बजाकर नववर्ष का आगाज कर और सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने भी शिप्रा तट पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किए।

सुबह गुडी पडवा पर्व पर नववर्ष की शुरुआत शिप्रा नदी के रामघाट पर पण्डे पुरोहित के साथ कुलगुरु अर्पण भारद्वाज, राम राजेश मिश्र, पंडित राजेश त्रिवेदी, माया त्रिवेदी, रमण सोलंकी सहित कई महिला पुरुष और विद्वान एकत्रित हुए, महिलाओ ने शंख बजाकर नव वर्ष की शुरुआत की तो वही बड़ी संख्या में लोगो ने सूर्य को अर्घ्य देकर हिन्दू नववर्ष की शुरुआत की।



धार्मिक मान्यता के अनुसार, सृष्टि के आरंभ में भगवान महाकाल की प्रेरणा से ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इसी कारण गुड़ी पड़वा के दिन ब्रह्मध्वज का विशेष महत्व माना जाता है। महाकालेश्वर मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मध्वज स्थापित कर ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन पहुंचेंगे और नानाखेड़ा क्षेत्र में 56 दुकान की तर्ज पर विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स तथा नए स्विमिंग पूल (तरणताल) का लोकार्पण करेंगे।

नगर निगम द्वारा करीब 8.30 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरणताल में 25म50 मीटर का मुख्य पूल बनाया गया है, जिसकी गहराई 4.5 से 6.15 फीट तक है। बच्चों के लिए 2.5 से 3 फीट गहराई वाला अलग वार्मअप पूल भी तैयार किया गया है। इस अत्याधुनिक परिसर में 200 से अधिक लोगों की क्षमता वाली विजिटर गैलरी, पार्किंग, फूड कोर्ट, सिटिंग एरिया, पार्क, आधुनिक फिल्टर प्लांट, शावर और वेटिंग रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। शाम को शहर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें ड्रोन शो और लेजर शो मुख्य आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। वहीं, प्रसिद्ध गायक विशाल मिश्रा शिप्रा तट पर अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से सराबोर हो जाएगा। इस तरह उज्जैन में गुड़ी पड़वा पर आस्था, परंपरा और आधुनिक आयोजन का संगम देखने को मिलेगा।

## श्रमायुक्त विभाग इंदौर द्वारा स्टेट एक्शन प्लान, श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर अंतर्गत कार्यशाला सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●सहायक श्रमायुक्त इंदौर द्वारा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकारी एवं संबंधित स्टैक होल्डर्स के लिए 17 मार्च मंलगवार को जालसभा गृह साउथ तुकोगंज इंदौर में स्टेट एक्शन प्लान एवं श्रम संहिताएं तथा चाइल्ड लेबर एण्ड बॉन्डेड लेबर का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप श्रमायुक्त मुख्यालय इंदौर आशीष पालीवाल, सहायक श्रमायुक्त सिंगरौली बी.पी. सिंह, सहायक श्रमायुक्त उज्जैन श्रीमती राखी जोशी, ई.एस.आई.एस. डायरेक्टर चंद्रशेखर जायसवाल व विशेषज्ञ राज्य सलाहकार यूनिसेफ अमरजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला में अमरजीत सिंह, को-ऑडिनेटर, यूनिसेफ द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 एवं बंधक श्रम अधिनियम 1976 के प्रावधानों से अवगत करवाया गया तथा श्रम विभागीय अधिकारियों द्वारा श्रम स्टार रेटिंग, कार्यस्थल पर सुरक्षा, हर्ट फ्री डेज, आरोह, श्रम विभाग से सम्बंधित योजनाएं, वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक, सुरक्षा संहिता 2020 एवं व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता 2020 की जानकारी दी गई।

## श्रवण एवं वाणी बाधित प्रोफेशनल्स तथा साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर्स के लिए मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम समावेशी न्याय को सुदृढ़ करेगा - सचदेवा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समावेशी न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देश का प्रथम श्रवण एवं वाणी बाधित प्रोफेशनल्स तथा साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर्स के लिए 40 घंटे का 5 दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 18 मार्च 2026 तक इंदौर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन सत्र 18 मार्च गुरुवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के समिति कक्ष क्रमांक-1 में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष श्री न्यायमूर्ति विवेक रूसिया तथा अन्य न्यायमूर्तिगण की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इंदौर एवं ग्वालियर खंडपीठ के न्यायमूर्तिगण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन की कमान डॉ. कुलभूषण मित्तल के हाथों में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अ.भा. पिकलबॉल एसोसिएशन (एआईपीए) से आधिकारिक रूप से संबद्ध मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन (एमपीपीए) में लायन डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की (इंदौर) को एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने मध्यप्रदेश ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. मित्तल प्रतिष्ठित उद्यमी, लायंस इंटरनेशनल एवं अनेक खेल संस्थाओं से जुड़े होकर बहुआयामी व्यक्तितव के धनी हैं जिन्हें राज्य एवं शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों का सुदीर्घ अनुभव प्राप्त है।

### इस्कॉन मंदिर एवं तालाब के सौंदर्यीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●लम्बे अरसे से चल रही निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, मंदिर से जुड़े तालाब का सौंदर्यीकरण करने और तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की बहुप्रतीक्षित मांग हिन्दू नववर्ष की पवित्र बेला में गुरुवार को सुबह 10 बजे पूरी होने जा रही है जब राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस्कॉन मंदिर पहुंचकर राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट की मौजूदगी और इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास के सानिध्य में इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर भगवान राधा-गोविन्द के विशेष श्रृंगार दर्शन के साथ ही गोवंश की पूजा भी करेंगे।

### चैत्र नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ आज, राम दरबार का होगा विशेष श्रृंगार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को हिन्दू नववर्ष, गुढी पडवा के उपलक्ष्य में श्रीराम दरबार मंदिर में नवान्ह पारायण पाठ की घट स्थापना के साथ होगा। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी और मनोहर बाहेती ने बताया कि शिव मंदिर में श्री दुर्गा सप्तशती पाठ की घट स्थापना भी पूजन के साथ होगी। इस अवसर पर गीता भवन न्यासी मंडल के सभी सदस्य एवं अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहेंगे। राम नवमी के दिन 27 मार्च को राम दरबार मंदिर पर विशेष नयनाभिराम श्रृंगार एवं जन्मोत्सव आरती भी होगी। राम जन्मोत्सव पर गीता भवन में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

## स्कीम 54 विजयनगर में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का भव्य आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रयागराज बस्ती (जिला-बद्रीनाथ), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 54 धाम शाखा द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च 2026) के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) एवं आद्य सरसंघचालक प्रणाम कार्यक्रम का गौरवशाली आयोजन स्कीम 54 विजय नगर स्थित वैष्णो माता मंदिर उद्यान में किया गया।

इस उत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर संघचालक महेश चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज पूजन और भारतमाता, संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और गुरुजी माधव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। चौधरी ने अपने उद्बोधन में इस तिथि के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और सम्राट विक्रमादित्य ने विजय पताका फहराई थी। कार्यक्रम में स्वयंसेवक तथा समाज जन सम्मिलित हुए। उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया गया कि वे घरों पर भगवा ध्वज फहराएँ, दीप जलाएँ और तिलक लगाकर अपनी संस्कृति का गौरव बढ़ाएँ। कार्यक्रम का सफल संचालन नितिन मोरे एवं कैलाश चंद्र कोठारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## गौतम जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा पंडित सीताराम जोशी होंगे गौतम सम्मान से अलंकृत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा इंदौर द्वारा अक्षपाद महर्षि गौतम जी की जयंती 19 मार्च को भव्य रूप से मनाई जाएगी। नगरसभा अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास ने बताया कि गौतम आश्रम एरोड्रम रोड से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महर्षि गौतम जी की झांकी, बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी के साथ बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। शोभायात्रा का समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत मंचों से स्वागत किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम शाम 6 बजे से पीलिया खाल स्थित हंसदास मठ पर होगा, जहां महर्षि गौतम की महाआरती के बाद श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा इंदौर द्वारा स्थापित गौतम गौरव सम्मान से पाली राजस्थान के शिक्षाविद पंडित सीताराम जोशी को अलंकृत किया जाएगा। प्रधानमंत्री कमलेश तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षाविद पंडित विनायक पांडे महर्षि गौतम की महिमा पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। उन्होंने इंदौर के सभी समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## ब्रजेश्वरी एनेक्स में हुई अग्नि दुर्घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक व्यक्त किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बुधवार अल सुबह बंगाली चौराहा स्थित ब्रजेश्वरी एनेक्स में हुई अग्नि घटना पर गहरा शोक व्यक्त् किया। उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन और विशेष डीजी श्री आदर्श कटियार और विशेषज्ञों को घटना स्थल पर भेजा। अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और विशेष डीजी आदर्श कटियार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री राजन ने उक्त घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए शोक व्यक्त कर कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिये घटना से जुड़े हर पहलु की विस्तृत जांच की जायेगी। साथ एक एसओपी बनाई जायेगी। श्री राजन ने कहा कि उक्त घटना से जुड़ी जांच हेतु आईआईटी एक्सपर्ट और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से फोरेंसिक जांच भी की जायेगी। साथ ही इलेक्ट्रानिक वाहन विशेषज्ञों की एक बैठक कर पता लगाया जायेगा कि इलेक्ट्रीक वाहनों में चार्जिंग के दौरान इस तरह की घटनाए क्यो हो रही है?

## वैश्य एकता दिवस पर स्व. रामदास अग्रवाल की जन्म जयंती एवं गौसेवा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक, पूर्व सांसद एवं वैश्य रत्न रामदास अग्रवाल की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की मध्यप्रदेश ईकाई द्वारा इंदौर में 2 स्थानों पर गौसेवा कर वैश्य एकता दिवस मनाया गया। विमानतल मार्ग स्थित विद्याधाम और उसके पश्चात एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर संगठन की प्रदेश ईकाई के अध्यक्ष अतुल खंडेलवाल एवं शहर अध्यक्ष नितिन अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल एवं वैश्य संगठनों की ओर से चेतन एरन, शिवनारायण अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने गौसेवा कर वैश्य एकता दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शारदा देवी खंडेलवाल, गिरीश खंडेलवाल, हर्शल सेठी, दीपक खंडेलवाल, आशीष खंडेलवाल सहित समाज बंधुओं ने अपने परिजनों सहित शामिल होकर गौसेवा का पुण्य लाभ उठाया और स्व. रामदासजी अग्रवाल के सेवा कार्यों का पुण्य स्मरण किया।

## साई बाबा की पालकी का घर-घर हुआ पूजन, भक्तों पर पुष्प वर्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●केन्द्रीय साईं सेवा समिति से जुड़े शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो के श्रद्धालुओं ने बुधवार को वीणा नगर, श्याम नगर एवं आसपास के क्षेत्रों को साईं बाबा के जयघोष से गुंजायमान बनाए रखा। अलसुबह राधिका सोसाइटी स्थित साईं भक्त अशोक गायकवाड के निवास पर सैकड़ों साईं भक्तों ने बाबा की सुसज्जित पालकी का अभिषेक पूजन कर भजनों पर नाचते-गाते हुए पालकी यात्रा का शुभारंभ किया। पूरे क्षेत्र को साईं भक्तों ने रंगोली, दीपों, पताकाओं और फूलों से सजाया था। पालकी यात्रा के साथ चल रहे सैकड़ों साईं भक्तों का जोश देखने लायक था। बाबा की पालकी जहाँ-जहाँ से निकली, घर-घर पूजन और आरती का सिलसिला पूरे समय चलता रहा।

## विधायक मनोज पटेल के नेतृत्व में आज होगा सुंदरकांड का आयोजन

### 11 हजार जोड़े होगे सुंदरकांड में शामिल कार्यकर्ताओं ने दिए घर घर निमंत्रण

**निलेश चौहान (94250-77209)**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

देपालपुर नगर हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। गुड़ी पड़वा के पर्व पर जहाँ पूरे भारतवर्ष में विविध आयोजन होते हैं, वहीं देपालपुर में एक अनूठा और भव्य आयोजन देखने को मिलेगा। श्री 24 अवतार मंदिर के विशाल प्रांगण में 19 मार्च की शाम 7 बजे से विधायक मनोज पटेल के नेतृत्व में 11,000 दंपति जोड़ों के साथ सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन होगा। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपरा को जीवंत करने वाला है और नगरवासियों के लिए गर्व का क्षण बनेगा।

गुड़ी पड़वा के दिन नगर में गायों को गो-ग्रास दिया जाएगा, चंदन का टीका लगाया जाएगा और गुड़-धनिया बाँटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दी जाएँगी। विधायक मनोज पटेल ने बताया कि भारतीय परंपरा के अनुसार गुड़ी पड़वा को नव वर्ष के रूप में मनाना हमारी संस्कृति की पहचान है। अंग्रेजी नव वर्ष देश के युवाओं को नशाखोरी की तरफ धकेल रहा है द्य यह आयोजन लगातार पाँचवें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। पिछले चार वर्षों से सतत रूप से इस परंपरा को निभाते हुए विधायक मनोज पटेल ने इसे देपालपुर विधानसभा का विशिष्ट पर्व बना दिया है। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर देपालपुर, बेटमा, गौतमपुरा और हातोद सहित अनेक जगहों और गाँव-गाँव में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। कार्यकर्ता लगातार लोगों से मुलाकात कर उन्हें इस भव्य आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा की सनातनी विधायक मनोज पटेल देपालपुर विधानसभा में ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों को निरंतर करवाते रहते हैं। इस बार भी आयोजन को लेकर नगर में व्यापक तैयारियाँ की जा चुकी हैं।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### इलेक्ट्रिक वाहन वरदान या अदृश्य खतरा, इंदौर हादसे ने उठाए सुरक्षा पर गंभीर सवाल

इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान धमाके से 8 की मौत ने सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। बिना पुख्ता इंफ्रास्ट्रक्चर और एसओपी के इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना जोखिम भरा है। सुरक्षित चार्जिंग स्टेशन समय की मांग हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं। इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं से उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई। सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां के बंगाली चौराहा के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार तड़के भीषण हादसा हुआ। कॉलोनी स्थित एक घर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने आग लग गई, जिससे छह लोगों की जलकर मौत हो गई।

# किस्सागोई: जो समय से परे जाकर मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है



जब भीतर की अनुभूतियाँ शब्द बनकर फूट पड़ती हैं और कल्पना समय की दीवारों को लाँघकर दूर-दूर तक अपनी छाया बिखेर देती है-तभी किस्सागोई का असली जादू आकार लेता है। 20 मार्च इसी अदृश्य, गहरे असर वाली परंपरा को समझने और महसूस करने का दिन बन जाता है। यह किसी औपचारिकता का क्षण नहीं, बल्कि उस अनकही विरासत का उजागर होना है, जो हर इंसान के भीतर चुपचाप साँस लेती है। हर व्यक्ति अपने अनुभवों का एक चलता-फिरता दस्तावेज़ है, जिसमें हँसी, पीड़ा, उम्मीद और संघर्ष की अनगिनत परतें दर्ज रहती हैं। किस्सागोई इन्हीं परतों को आवाज़ देती है, उन्हें अर्थ प्रदान करती है और उन्हें साझा करने का साहस भी जगाती है। यही वह कला है, जो मनुष्य को उसके एकांत से बाहर लाकर उसे साझा संवेदनाओं की गहराई से जोड़ देती है।

जब स्मृतियाँ खुलती हैं और नजर अतीत में उतरती है, तो साफ समझ आता है कि कहानियाँ कभी कागज़ों में बंद नहीं रहीं-वे दिलों में जन्मी और वहीं पली-बढ़ीं। कभी दादी की धीमी आवाज़ में आँगन से उठती हुई, तो कभी यात्राओं के साथ दूर तक फैलती हुई, उन्होंने पीढ़ियों को जोड़े रखा। इन कथाओं में केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को समझने की गहरी सीख छिपी रहती थी-जीने, परखने और बदलने की। समय बदला, माध्यम बदले, पर कहानी की आत्मा हमेशा जीवित रही। आज भी जब कोई बुजुर्ग पुराना किस्सा सुनाता है, तो वह अतीत के साथ वर्तमान को भी रोशनी देता है। यही कारण है कि किस्सागोई पूरी मानवता की साझा विरासत बन जाती है।

जब कोई कहानी आकार लेती है, तो वह महज़ शब्दों की श्रृंखला नहीं रहती, बल्कि अनुभवों का पुनर्जन्म बन जाती है। कथावाचक अपने भावों को भाषा देता है और एक साधारण घटना भी श्रोता के भीतर नया संसार जगा देती है। इसलिए एक प्रभावी कथा सुनते समय हम केवल दर्शक नहीं रहते, बल्कि उसका हिस्सा बन जाते हैं-दृश्य उभरते हैं, पात्र अपने लगते हैं और घटनाएँ स्मृतियों में बस जाती हैं। यही गुण कहानी को साधारण संवाद से अलग बनाता है; वह हमारी सीमित सोच को विस्तार देकर हमें दूसरों के सुख-दु:ख से जोड़ देती है।

जब समय की रफ्तार पर नजर जाती है, तो स्पष्ट दिखता है कि किस्सागोई ने अपना रूप बदल लिया है। अब कहानी सिर्फ सुनाई नहीं जाती, बल्कि देखी और महसूस भी की जाती है—डिजिटल माध्यमों के जरिए कई स्तरों पर। छोटी-सी प्रस्तुति भी उतनी ही गहराई से मन को छू सकती है, जितनी कभी लंबी कथा छूती थी। फिर भी, बदलते रूपों के बीच मानवीय जुड़ाव का मूल तत्व अडिग है। तकनीक ने विस्तार और गति दी है, पर संवेदना की गहराई जस की तस बनी हुई है। यही वजह है कि एक सशक्त कहानी आज भी मन को झकझोरकर सोच और दिशा दोनों बदल सकती है।

जब इतिहास के पन्ने खुलते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कहानियाँ कभी मात्र समय बिताने का साधन नहीं रहीं-वे बदलाव की पहली चिंगारी भी रही हैं। किसी विचार को जब कथा का रूप मिलता है, तो वह सीधे दिलों तक पहुँचता है और लोगों के भीतर गहराई से जगह बना लेता है। एक साधारण घटना भी जब कहानी बनती है, तो वह समाज के सामने एक ऐसा दर्पण रख देती है, जिसमें लोग अपनी कमियाँ भी देख पाते हैं और अपनी संभावनाएँ भी। यही कारण है कि कई बार एक कहानी किसी बड़े परिवर्तन की शुरुआत बन जाती है या किसी व्यक्ति को अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने का साहस दे देती है। यह असर किसी आदेश या उपदेश से कहीं अधिक गहरा होता है, क्योंकि कहानी मन और भावनाओं के बीच सीधे संवाद स्थापित करती है।

जब हम इस दिन के संदर्भ में स्वयं को देखते हैं, तो एक सवाल भीतर उभरता है-हम अपनी कहानियों के साथ क्या कर रहे हैं? क्या हम उन्हें चुपचाप भीतर दबाकर रखते हैं, या उन्हें साझा कर किसी और के जीवन को छूने की कोशिश करते हैं? हर व्यक्ति के पास कुछ ऐसा जरूर होता है, जो किसी के लिए सीख बन सकता है, किसी के लिए प्रेरणा या किसी के चेहरे पर एक हल्की-सी मुस्कान ला सकता है। इस दिन का सार तभी समझ में आता है, जब हम अपने संकोच को पीछे छोड़कर अपने अनुभवों को अभिव्यक्ति देते हैं। यह अभिव्यक्ति चाहे किसी मंच पर हो, किसी आत्मीय बातचीत में या शब्दों में दर्ज होकर—हर रूप में अपने आप में मूल्यवान होती है।

जब सीमाएँ धुंधली पड़ती हैं और मन एक-दूसरे से जुड़ने लगते हैं, तब किस्सागोई अपना असली रूप दिखाती है। यह वह सेतु है, जो समय, संस्कृतियों और व्यक्तित्वों के बीच की दूरियों को सहजता से पाट देता है। यह हमें एहसास कराती है कि भले ही हमारे रास्ते अलग हों, हमारी संवेदनाएँ कहीं न कहीं एक ही धागे से बंधी हैं। एक कहानी कहना या सुनना, दरअसल एक ऐसी साझा यात्रा पर निकलना है, जहाँ हम अपने भीतर के अंधेरों को पहचानते हुए उजाले की ओर बढ़ते हैं। 20 मार्च हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आवाज़ में भी वह सामर्थ्य है, जो किसी के जीवन में बदलाव ला सकती है। इसलिए अपने शब्दों को थामिए, उन्हें अर्थ दीजिए और अपने किस्सों को खुलकर जीने दीजिए-क्योंकि हर कहानी में कहीं न कहीं किसी और की अधूरी कहानी को पूरा करने की ताकत छिपी होती है।

**कृति आरके जैन**
बड़वानी (मप्र) - 451 551

### वैचारिक स्पष्टता और सादगी के पुरोधा माधव परांजपे का महाप्रयाण: शिक्षा जगत में एक युग का अंत

भारतीय शिक्षा जगत के विरले हस्ताक्षरों में से एक, श्री माधव परांजपे सर अब हमारे बीच नहीं रहे। वे केवल एक शिक्षाविद् नहीं थे, बल्कि उस शुचिता और नैतिक मूल्यों के वाहक थे, जो आज के व्यावसायिक होते जा रहे शिक्षण परिवेश में दुर्लभ हैं। उनके निधन के साथ ही मालवा और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले उस सेतु का अवसान हो गया है, जिसने शिक्षा को 'डिग्री' से ऊपर उठाकर 'संस्कार' के धरातल पर प्रतिष्ठित किया।

महाराष्ट्र की बौद्धिक उर्वर भूमि से निकलकर मालवा को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले परांजपे का जीवन अनुशासन की एक जीवंत पाठशाला था। वे लंबे समय तक प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से जुड़े रहे, जहाँ उन्होंने केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया, बल्कि चरित्र निर्माण की आधारशिला रखी। उनके सहकर्मियों और शिष्यों के बीच वे एक ऐसी शख्सियत थे, जो कबीर की सादगी और एक ऋषि की दूरदृष्टि रखते थे।

परांजपे जी का जीवन दर्शन 'सादा जीवन, उच्च विचार' का सटीक प्रतिबिंब था। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी उन्होंने आराम के स्थान पर कर्म को प्राथमिकता दी। इंदौर के प्रतिष्ठित संस्थान 'सत्य साईं विद्या विहार' में प्रशासनिक उत्तरदायित्व निभाते हुए उन्होंने 'मूल्य आधारित शिक्षा' को नए आयाम दिए। उनका मानना था कि यदि छात्र के भीतर करुणा और नैतिकता नहीं है, तो उसकी बौद्धिक श्रेष्ठता समाज के लिए निरर्थक है।

शिक्षा के अतिरिक्त, परांजपे सर का रुझान साहित्य, संगीत और अध्यात्म की त्रिवेणी में भी था। वे नई पीढ़ी को नैतिक कथाओं और लोक-संस्कृति के माध्यम से जोड़ने के सतत आग्रही रहे। जीवन के संध्याकाल में उन्होंने स्वयं को ध्यान और साधना के प्रति समर्पित कर दिया था, जो उनके शांत और सौम्य व्यक्तित्व को और अधिक आभा प्रदान करता था।

उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा जगत और सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई। शहर के वरिष्ठ शिक्षाविदों ने उन्हें 'शिक्षा संत' की उपाधि देते हुए कहा कि परांजपे जी का जाना एक ऐसी रिक्तता है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।

वे अपने पीछे उन हजारों विद्यार्थियों की सेना छोड़ गए हैं, जो आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनके द्वारा बोए गए नैतिक मूल्यों के बीज को वटवृक्ष बना रहे हैं। उनकी वैचारिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक का कार्य करेगी।

**- राजकुमार जैन**

## आंचलिक

### भूतड़ी अमावस्या पर नर्मदा तट पर उमड़ी भीड़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह** • बुधवार को भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर नावघाट खेड़ी के नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। स्नान, दान और दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तट पर पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। चैत्र नवरात्र से पहले आने वाली इस अमावस्या को भूतड़ी अमावस्या के रूप में मनाया जाता है, जिसके चलते हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा में डुबकी लगाई। तंत्र-मंत्र और सिद्धि क्रियाओं के लिए यह दिन विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन दूर-दूर से आए बाबा और देवी-देवताओं के आराध्य एक दिन पहले ही तट पर पहुंच गए थे। हजारों लोगों ने तट पर डेरा डाल लिया था। पूरी रात पूजन और हवन का दौर चलता रहा। सुबह शुभ मुहूर्त में नर्मदा में स्नान कर आराध्यों ने अपने त्रिशूल निशान का पूजन कर विशेष सिद्धियां अर्जित कीं। वहीं, अन्य श्रद्धालुओं ने भजन और कीर्तनों के माध्यम से देवी-देवताओं की आराधना की। यह पर्व दान के लिए भी प्रमुख माना जाता है।

# सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण में प्रदेश के टॉप-2 में जिले में 50% लक्ष्य हासिल - डॉ. डीएस चौहान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • जिला सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के एचपीवी टीकाकरण में प्रदेश के शीर्ष दो जिलों में शामिल हो गया है। जिले ने अब तक 33 प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस सूची में बालाघाट जिला सबसे ऊपर है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. डीएस चौहान ने बताया कि जिले में लगभग 50 प्रतिशत टीकाकरण पूरा हो चुका है। टीकाकरण अभियान 9 स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहा है। बुधवार को पहली बार राधाकुंज मांगलिक भवन में भी टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी सराफ ने इस टीके को पूरी तरह सुरक्षित बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनकी अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भी यह टीका लगवाया है। सरकार यह टीका नि:शुल्क उपलब्ध करा रही है।

शहर में सामाजिक स्तर पर बीसा नीमा महाजन समाज के माध्यम से भी टीकाकरण कराया जा रहा है। इस केंद्र पर एंबुलेंस, वेटिंग रूम सहित अन्य आवश्यक आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



जिले की लगभग 23.50 लाख आबादी में से 1 प्रतिशत यानी लगभग 23,051 किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य है। यह अभियान 28 फरवरी से चल रहा है और 90 दिवसीय इस अभियान में अब तक 7,500 टीके लगाए जा चुके हैं। खरगोन का यह आंकड़ा इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों से भी अधिक है। प्रदेश के टॉप-10 जिलों में बालाघाट शीर्ष पर है, जबकि निमाड़ का खंडवा जिला छठे स्थान पर है।

कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर अधिक से अधिक किशोरियों के टीकाकरण के लिए अवकाश के दिनों में भी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीके लगाए जा रहे हैं। प्रशासन ने टीकाकरण को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# ईदगाह के साथ शहर की 43 मस्जिदों में होगी नमाज, ईद की नमाज का टाइम-टेबल जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • ईद-उल-फितर का त्योहार उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। शनिवार 21 मार्च को ईद मनाई जाएगी। इधर, ईद की नमाज का टाइम-टेबल जारी किया है। शहर काजी सैय्यद निसार अली ने बताया मुख्य नमाज ईदगाह पर सुबह 9.30 बजे नमाज होगी। इसके अलावा शहर की 42 मस्जिदों में अलग-अलग समय में ईद की नमाज अदा की जाएगी।



जामा मस्जिद में 9 बजे, मोती मस्जिद कहारवाड़ी 8.30 बजे, मस्जिद इमलीपुरा 9 बजे, मस्जिद बुधवारा 9 बजे, मस्जिद हजरत बुलंद शहीद घासपुरा 8.45 बजे, मक्का मस्जिद खड़कपुरा 8.30 बजे, मदीना मस्जिद खड़कपुरा 8.45 बजे और मस्जिद-ए-रजा, मुंदीपुरा में 9 बजे नमाज पढ़ी जाएगी।

इसी तरह मस्जिद-ए-अक्सा रामेश्वर रोड 8.45 बजे, नूरानी मस्जिद कसाईपुरा 8.45 बजे, मस्जिद अशरफी पड़ावा 9 बजे, मस्जिद शेख अब्दुल कादिर जिलानी पड़ावा 8.45 बजे, मस्जिद ख्वाजा गरीब नवाज कल्लनगंज 9 बजे, मस्जिद हुसैनी गौसिया सलूजा कॉलोनी 9 बजे, नई मस्जिद घासपुरा 8.30 बजे, मस्जिद गरीब नवाज सिंघाड़ तलाई 8.30 बजे, मस्जिद-ए-आयशा, गुलमोहर कॉलोनी 9 बजे नमाज होगी।

इसके अलावा मस्जिद-ए-बिलाल, गुलमोहर कॉलोनी 8.45 बजे, मस्जिद-ए-रहमत-ए-आलम, 8.30 बजे, मस्जिद दरगाह, मीरपुरा 8.30 बजे, मस्जिद अबू बक्र सिद्दीक गणेश तलाई 8.45 बजे, मस्जिद गुलशन-ए-मुहम्मदी, गुलशन नगर 8.45 बजे, नूरानी मस्जिद, हजरत खानशाहवली कॉलोनी 9 बजे, मस्जिद-ए-आला हजरत, हजरत खानशाह वली कॉलोनी 8.30 बजे, मस्जिद जकरिया, टीपा कॉलोनी 8.30 बजे नमाज पढ़ी जाएगी।

इसी क्रम में अल कुरैश मस्जिद, बापू नगर 7.45 बजे, मस्जिद अन-नूर, इकबाल कॉलोनी मुंदीपुरा 8:15 बजे, अब्दुल्लाह मस्जिद बापू नगर 8.30 बजे, मस्जिद नूर-ए-अहमदी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी 8.45 बजे, मोहम्मदी मस्जिद खत्री कॉलोनी 9.20 बजे, मस्जिद-ए-उमर, सेल्स टैक्स कॉलोनी 8 बजे, मस्जिद गुलशन-ए-रजा, सेल्स टैक्स कॉलोनी 9 बजे, मदरसा-ए-काजियान परदेशीपुरा 8.30 बजे नमाज होगी।

साथ ही मोहम्मदी मस्जिद, पटेल कॉलोनी 8.45 बजे, गौसिया मस्जिद, मोतमनपुरा चीराखदान 8 बजे, मस्जिद नूर-ए-मुस्तफा, बड़ा कब्रिस्तान 8 बजे, मदरसा उमर बिन खत्ताब, सोलह खली गंज बाजार -8.45 बजे, मस्जिद अम्मार, अहमद नगर खानशाहवली 8 बजे, मस्जिद नियाज मोहम्मदी कॉलोनी, खानशाहवली 8.15 बजे, मस्जिद फैजाने ताजुशशरिया, घासपुरा -9.00 बजे, मस्जिद-ए-वारसी, हजरत खानशाहवली राहत नगर 8.45 बजे, मस्जिद सुभाष नगर 8.30 बजे नमाज अदा की जाएगी।

# रणजीत हनुमान पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान : सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा में श्रद्धालु शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**महेश्वर** • महेश्वर नगर के रणजीत हनुमान मंदिर के मंगल प्रवेश के उपलक्ष्य में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को शुरू हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर को सजाया गया। शाम 6 बजे भगवान की विशेष पूजा की गई और खाटू श्याम की झांकी का श्रृंगार किया गया। भगवान को सवा क्विंटल हलवे का प्रसाद और छप्पन भोग अर्पित कर आरती की गई। शाम 7 बजे हनुमंत शक्ति जागरण के तहत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुआ। इसमें एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिन्हें चालीसा की पुस्तकें वितरित की गईं। मंदिर परिसर 'जय रणजीत सरकार' के नारों से गूंज उठा। मंचासीन कार्यक्रम में बनारस के जगतगुरु बालक देवाचार्य महाराज, चतुर्भुज राम मंदिर मांडव के महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज, महंत श्याम दास महाराज सहित अयोध्या और काशी से आए संतों का कार्यक्रम संयोजक गजराज यादव ने सम्मान किया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्रद्धालु मित्रमंडल के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किए। प्रसिद्ध गायक कलाकार पं. सुधीर व्यास ने सुंदरकांड पाठ के साथ भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक गजराज यादव ने बताया कि बुधवार सुबह



9 बजे भवानी माता मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए दोपहर 12 बजे बाजार चौक स्थित मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में सबसे आगे सिंहस्थ महाकुंभ के चार अखाड़े - निर्मोही, निर्गुणी, दिगंबर और खाती के निशान के साथ धर्म ध्वज रहेंगे। सकल हिंदू समाज के श्रद्धालु इसमें शामिल होंगे। शोभायात्रा में वाल्मीकि समाज रामचरितमानस, रविदास समाज गंगाजल, मल्हारगंज के श्रद्धालु भगवान की चरण पादुका, सोमवंशी क्षत्रिय समाज छत्र, नार्मदीय ब्राह्मण समाज नर्मदा जल और केवट समाज सरयू जल लेकर चलेंगे। समाज चोला सामग्री, पाटीदार समाज त्रिवेणी जल, बीसा नीमा महाजन समाज यमुना जल, आदिवासी समाज सबरी माता के फल, चौखंडी कहार समाज चित्रकूट चंदन, माली समाज फूल मालाएं, राजस्थानी मारवाड़ी ब्राह्मण समाज छप्पन भोग और राजपूत समाज कनकबिहारी झांकी व ध्वज के साथ चलेगा। कर्मा समाज पूजन पाठ व रुद्राक्ष माला, राठौड़ समाज 27 तीर्थों का जल, वल्लभ विहार कॉलोनी सदस्य मंदिर का शिखर कलश, सोनी समाज मुकुट व शाल, मालू महाराज मंदिर के श्रद्धालु भगवान की पूजन सामग्री और सेन समाज चवर लेकर चलेगा। मंचीय कार्यक्रम की जानकारी राष्ट्रीय कवि नरेंद्र श्रीवास्तव और पं. रोहित जोशी ने दी। इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव, नगर परिषद अध्यक्ष अलका यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, महामंत्री महादेव पाटीदार, नप उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, पार्षद विक्रम यादव, राज यादव, शैलेंद्र जैन, स्वप्निल गुप्ता, रविराज चौहान, अवि महाजन, गजानंद मकवाने, कमलेश देपाले सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हेड कांस्टेबल करता गंदी हरकतें और देता है धमकी रहवासियों ने बनाया वीडियो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●इंदौर के सदर बाजार इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक हेड कांस्टेबल से इन दिनों रहवासी परेशान हैं। बीजेपी नेता ओर अफसरों के नाम से वह आसपास के लोगों को धमकाता है। पड़ोसियों ने कई बार थाने पर शिकायत करने का मन बनाया, लेकिन पुलिस क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल के होने के चलते शिकायत नहीं सुनती। परेशान होकर रहवासियों ने पुलिसकर्मी का वीडियो बनाया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

मामला जूना रिसाला पुलिस लाइन का है। यहां पिछले कुछ माह से एक पुलिसकर्मी जो क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल है। वह रहवासियों से विवाद करता है। रहवासियों ने कई बार देर रात इस मामले में एफआरवी 112 पर शिकायत की। आपसी विवाद करने की बात पर सदर बाजार थाने के पुलिसकर्मी भी वापस चले जाते हैं। पिछले एक माह से हेड कांस्टेबल ने अपने ही सरकारी क्वार्टर से अश्लील हरकत करना शुरू कर दी। वह क्वार्टर के अदंर से खुलेआम अश्लील इशारे कर रहा है। अपने घर के बरामदे से प्रायवेट पार्ट दिखा रहा है। आसपास रहने वाली महिलाओं को गंदे इशारे करता है। उसकी इस हरकत को शुरुआत में महिलाओं ने नजर अंदाज कर दिया। कई क्वार्टर में नाबालिग लड़कियों और युवतियों के रहने के चलते परिवार ने हेड कांस्टेबल की इस हरकत का वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी को पहले क्राइम ब्रांच से अवैध गतिविधि के चलते हटा दिया गया था, लेकिन इसके बाद उसने बीजेपी नेता का प्रेशर करवाने के बाद फिर से क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग करवा ली। कुछ दिन पहले एमडी ड्रग मामले में भी पुलिसकर्मी पर आरोप लगे थे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियो के दबाव प्रभाव के चलते उसे नही हटाया गया।

### सस्पेंड कर एफआईआर दर्ज करेंगे

*इस मामले में सीपी संतोष सिंह और एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह से बात करने की कोशिश की गई। लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो पाई। मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया को जानकारी दी तो उन्होने कहा कि इंदौर पुलिस में इस तरह की हरकत किसी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर घटना सही है तो उस पुलिसकर्मी को सस्पेंड करते हुए उस पर एफआई कराई जाएगी।*

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीर भर्ती के लिए 1 अप्रैल तक कर सकेंगे अपना ऑनलाइन पंजीयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी है, जो 01 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से की जा सकती है। बताया गया कि वर्तमान में अग्निपथ योजना के प्रति पर्याप्त जागरूकता के अभाव में संभाग के विभिन्न जिलों में अभ्यर्थियों के पंजीयन की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई है। इस संबंध में जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 'संकल्प से समाधान' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन, विकासखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में शासन की महत्वाकांक्षी 'संकल्प से समाधान' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। साथ ही जिले के चारों विकासखंडों में शिविरों की तिथियों का निर्धारण भी कर लिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत ब्लॉक एवं नगर स्तर पर प्राप्त आवेदनों, शिकायतों तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# भदौरिया, रुचि सोया, विनय छजलानी सहित कई बकायादारों पर लाखों डायवर्सन टैक्स बाकी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिला प्रशासन ने डायवर्सन टैक्स की वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने इसके लिए सभी एसडीएम को कुर्की के लिए निर्देश दिए हैं। तहसीलदारों की टीम इनकी लिस्ट बनाकर वसूली के लिए तकाजा कर रही है। बड़े बकायादारों की लिस्ट बनाई गई है, जिसमें शहर के कई रसूखदार शामिल हैं।

**जूनी इंदौर तहसील में ज्यादा राशि**-तहसील के हिसाब से देखें तो सबसे ज्यादा वसूली सात करोड़ से ज्यादा की जूनी इंदौर तहसील में निकाली गई है। वहीं मल्हारगंज तहसील में पांच करोड़ से ज्यादा वसूली निकली है। महू में करीब तीन करोड़ की, तो काडिया में सवा करोड़ की वसूली निकली है।



**15 दिन में होगी रोज कुर्की**-कलेक्टर ने हाल ही राजस्व अधिकारियों की बैठक में भी साफ निर्देश दे दिए हैं कि टैक्स बकाया वसूली पर ध्यान दिया जाए। वित्तीय साल समाप्त होने से पहले लक्ष्य पाया जाए। इसके लिए कुर्की जैसी सख्त कार्रवाई की जाए।

### यह हैं बड़े बकायादार

- बड़े बकायादारों की बात करें तो सबसे बड़े बकायादार में श्रद्धा एस्टेट है, जो विनय छजलानी की है। इस पर एक करोड़ 21 लाख का टैक्स बकाया है।
- मेडिकल कॉलेज मान्यता घोटाले में सीबीआई द्वारा आरोपी बनाए गए इंडेक्स कॉलेज के सुरेश सिंह भदौरिया की मयंक वेलफेयर सोसायटी पर 53 हजार और 30 हजार का टैक्स बाकी है।
- रुचि सोया के तलावली चांदा की संपत्ति पर 25 लाख 49 हजार रुपए का टैक्स बाकी है।
- ब्रिलियंट रियलिटी पर कनाडिया में 37 लाख का टैक्स बाकी है।
- एरान डेवलपर्स पर पांच लाख का टैक्स बाकी है।
- जेएसएम डेवकान पुष्पेंद्र पर 46 लाख से ज्यादा का टैक्स बाकी है।
- संजय लुणावत पर 22 लाख से ज्यादा का टैक्स बाकी है।

# आत्मनिर्भर इंदौर निगम राजस्व मामलों में खुद घनचक्कर

### बिना अनुमति हो जाते बड़े बड़े आयोजन आखिर में कौड़ियों के भाव हो जाता सेटलमेंट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम भले आत्मनिर्भर की राह पर चल पड़ा हैं। लेकिन राजस्व मामले में निगम के जिम्मेदार हमेशा की तरह घनचक्कर हैं। और तो और शहर में बड़े आयोजन हो जाते हैं। लेकिन नगर निगम कमिश्नर, नगर निगम अपर आयुक्त, हो या पूरा राजस्व अमला टैक्स वसूली के मामले में सोए रहते हैं। दरअसल हाल ही में पार्श्व गायिका सुनिधि चौहान का इंदौर के फीनिक्स मॉल में लाइव कंसर्ट आयोजित किया गया था। लेकिन उक्त शो के लेकर आयोजकों द्वारा न ही कोई अनुमति ली थी। न ही इंदौर नगर निगम द्वारा लगाए जाने वाला मनोरंजन टैक्स आयोजकों से वसूला गया। लिहाजा शो हो भी गया और



आखिर में तथाकथित निगम के ही अमले ने आयोजक ने मात्र 19 लाख में सेटलमेंट कर दिया गया। मगर उक्त आयोजन से नगर निगम को लगभग पचास लाख रुपयों की आय होनी थी। लेकिन वसूले गए मात्र 19 लाख। क्योंकि खुद निगम के ही विश्वनीय सूत्र बताते है कि उक्त आयोजन में आयोजकों द्वारा लगभग पांच करोड़ की टिकट बिक्री की थी लिहाजा निगम को 10 प्रतिशत के हिसाब से लगभग 50 लाख रूपये मनोरंजन कर के रूप में मिलना था। मगर ऐसे हालातों में आत्मनिर्भर नगर निगम के जिम्मेदार बागड़ बिल्लो को छोड़ शहर की आमजनता पर अतिरिक्त टैक्स का भार थोप रहे हैं। जिसे लेकर खुद अब शहरवासियों में भी निगम के खिलाफ जमकर नाराजी हैं। सुनिधि चौहान के कार्यक्रम के बाद अब करन ओझला का शो इंदौर में होने वाला हैं। लेकिन अब सवाल यही उठ रहा है कि क्या निगम के जिम्मेदार उक्त आयोजन को करने वालों से मनोरंजन कर की पाई पाई वसूलेंगे या फिर हमेशा की तरह तथाकथित निगम के ही जिम्मेदार सेटलमेंट के नाम पर कोढ़ी वसूलकर कॉलर ऊंची कर लेंगे।

# रोड की सफाई के लिए खर्च होंगे 38 करोड़ ठेके पर चलेगी 30 स्वीपिंग मशीन, टेंडर जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में रोड की सफाई के लिए नगर निगम सालाना 38 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसके लिए ठेके पर 30 स्वीपिंग मशीनें चलेंगी, जिसके टेंडर स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी कर दिए गए हैं। वैसे अभी शहर में 25 स्वीपिंग मशीनें चल रही हैं, जिस एजेंसी की यह मशीनें चल रही हैं उसका ठेका समाप्त हो गया है। इसलिए अब नए सिरे से टेंडर जारी किए गए हैं।

शहर के मुख्य मार्गों से लेकर चौड़ी सड़कों, रिंग रोड और बायपास की सफाई के लिए निगम दिन-रात स्वीपिंग मशीनें चलाता है जो कि ठेके पर चलती है। अभी छोटी-बड़ी मिलाकर 25 मशीनें चल रही हैं। जिस एजेंसी के पास अभी ठेका है, वह खत्म हो गया है। इसके चलते स्वच्छ भारत मिशन के तहत रोड की सफाई के लिए 30 स्वीपिंग मशीन ठेके पर चालने के लिए नए सिरे से टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

इधर, मामले में स्वच्छ भारत मिशन के अपर आयुक्त प्रखर सिंह का कहना है कि अभी जो 25 स्वीपिंग मशीनें ठेके पर चल रही हैं उसका ठेका खत्म हो गया है। जब तक नई एजेंसी नहीं आ जाती तब तक



पुरानी एजेंसी ही काम करेगी। इसके लिए एक्सटेंशन किया गया है। रोड की सफाई अब 30 स्वीपिंग मशीनों से कराने के लिए नई एजेंसी तलाशने के टेंडर जारी कर दिए गए हैं जो कि अगले महीने 17 अप्रैल तक आएंगे। सफाई के लिए स्वीमिंग मशीनें चलाने के लिए सालाना 38 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। साथ ही ठेका 5 साल के लिए रहेगा और स्वीमिंग मशीनों की ऑपरेटिंग के साथ मेंटेनेंस एजेंसी करेगी।

# डीएवीवी हुआ पूरी तरह डिजिटल, छात्रों के लिए ग्लोबल एडमिशन की राह आसान

### क्यूआर कोड वाले दस्तावेज मिलेंगे ऑनलाइन, अब नहीं होगी हस्तलिखित सर्टिफिकेट की परेशानी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय अगले महीने से छात्रों के लिए एक बड़ा डिजिटल सुधार लागू करने जा रहा है। इसके तहत माइग्रेशन सर्टिफिकेट, प्रोविजनल डिग्री और ट्रांसक्रिप्ट पूरी तरह सिस्टम जनरेटेड और क्यूआर कोड के साथ जारी किए जाएंगे। यह कदम खासतौर पर उन हजारों छात्रों के लिए राहत भरा है, जो विदेश में पढ़ाई के लिए आवेदन करते हैं। अब तक कई दस्तावेज हस्तलिखित होते थे, जिससे उनकी पढ़ने में कठिनाई और विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता को लेकर समस्या आती थी।

**क्यूआर कोड से आसान होगा वेरिफिकेशन**-विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव डॉ. विष्णु मिश्रा के अनुसार... नई व्यवस्था में हर दस्तावेज पर एक यूनिक



क्यूआर कोड होगा। इसे स्कैन कर दुनिया के किसी भी संस्थान द्वारा उसकी सत्यता आसानी से जांची जा सकेगी, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी।

**ऑनलाइन आवेदन, घर बैठे मिलेंगे दस्तावेज**-नई प्रणाली के तहत छात्र अब ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और बिना विश्वविद्यालय आए डिजिटल रूप में अपने दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक बनेगी। अधिकारियों का कहना है कि सॉफ्टवेयर आधारित सिस्टम से मैन्युअल गलती और छेड़छाड़ की संभावना खत्म होगी। एक समान फॉर्मेट से दस्तावेज अधिक विश्वसनीय और स्वीकार्य बनेंगे।

**हर साल बढ़ रही है मांग**-साल 2025 में विश्वविद्यालय ने 17,700 से ज्यादा माइग्रेशन सर्टिफिकेट, 1,000 से अधिक प्रोविजनल डिग्री और करीब 1,200 ट्रांसक्रिप्ट जारी किए थे। छात्रों की बढ़ती संख्या के साथ इन दस्तावेजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। यह पहल छात्रों को तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद सुविधा देने की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे उनके एडमिशन प्रोसेस में होने वाली देरी और परेशानियां काफी हद तक कम होंगी।

# लाखों घरेलू उपभोक्ताओं को मिली 1 रु. यूनिट में बिजली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर रही हैं। पिछले एक बिल माह के दौरान मालवा निमाड़ में करीब 33.41 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इन उपभोक्ताओं प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट की दर से प्रदान की गई है। इन उपभोक्ताओं को मप्र शासन की ओर से एक माह के दौरान कुल 156 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में सबसे ज्यादा 5.20 लाख इंदौर जिले के बिजली उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान के बाद फीडबैंक भी नियमित रूप से लिया जा रहा हैं। योजना के तहत औसतन रूप से तीस दिन के दौरान 150 यूनिट व प्रतिदिन औसत पांच यूनिट की खपत वाले घरेलू उपभोक्ता इस योजना की पात्रता में आते है। बीते एक बिल माह में माह कंपनी क्षेत्र में करीब 33.41 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए है।

इंदौर जिले सबसे ज्यादा 5.20 लाख उपभोक्ता बीते एक माह के दौरान गृह ज्योति योजना से लाभान्वित हुए है। इंदौर जिले के इन पात्र उपभोक्ताओं को करीब 20 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई हैं। धार जिले में करीब 3.15 लाख, उज्जैन जिले में 3.08 लाख, खरगोन जिले में 2.94 लाख उपभोक्ता योजना से लाभान्वित हुए है।

इसी तरह रतलाम जिले में 2.54 लाख, देवास जिले में 2.24 लाख, मंदसौर जिले में 2.38 लाख, बड़वानी जिले में 2.13 लाख, झाबुआ जिले में पौने 2 लाख के करीब उपभोक्ताओं को सौ यूनिट तक बिजली का बिल 100 रूपए तक प्रदान कर सब्सिडी का लाभ दिया गया हैं। योजना के तहत प्रतिदिन अधिकतम 5 यूनिट खपत वाले घरेलू उपभोक्ता पात्रता में आते है। प्रतिदिन औसत पांच यूनिट से ज्यादा बिजली उपयोग करने वालों को माह विशेष में सब्सिडी नहीं प्रदान की जाती।

# अवैध गैस कारोबार पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण एवं अवैध कारोबार पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में पकड़े गए अवैध गैस गोदाम मामले में आरोपी हरिओम गुप्ता के विरुद्ध आज लसूड़िया थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिवस जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिओम गुप्ता के अवैध गैस गोदाम पर छापा मारा था। इस दौरान मौके से 24 व्यावसायिक गैस सिलेंडर एवं 42 घरेलू गैस सिलेंडर सहित कुल 66 सिलेंडर बरामद किए गए। साथ ही गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त तीन इलेक्ट्रिक मोटर, दो तोल कांटे एवं एक बुलेट मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध गैस भंडारण एवं कारोबार करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए।

जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गैस गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकें।

# अब बिना स्मार्ट मीटर भी मिलेगा कनेक्शन, गरीब और आदिवसियों को राहत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश में अब गरीब और दूरदराज के आदिवासी परिवारों के लिए बिजली कनेक्शन लेना आसान हो जाएगा। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता में हुए 31 मार्च दे दी है। इस फैसले से खासतौर पर विशेष पिछड़ी जनजाति और ग्रामीण इलाकों के हजारों परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। बड़ी राहत देते हुए 31 मार्च 2028 तक छूट दी है। अब तक नियम था कि हर नए बिजली कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर लगाना जरूरी होगा। लेकिन जमीनी हकीकत यह रही कि दूरदराज गांवों में नेटवर्क, तकनीकी ढांचे और उपकरणों की कमी के कारण कई परिवार कनेक्शन से वंचित रह जाते थे। आयोग ने इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए यह अहम निर्णय लिया। बिजली कंपनियों ने आयोग को बताया था कि स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि पूरा डिजिटल सिस्टम है, जिसमें सर्वर, नेटवर्क कनेक्टिविटी और बिलिंग इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं जरूरी होती हैं। इसके बिना स्मार्ट मीटर का उपयोग प्रभावी नहीं हो सकता। साथ ही, देशभर में स्मार्ट मीटर की बढ़ती मांग के कारण सप्लाई में भी कमी बनी हुई है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए आयोग ने डिस्कॉम को अनुमति दी है कि वे नए कनेक्शन देने और खराब या जले हुए मीटर बदलने के लिए सामान्य



(कन्वेंशनल) मीटर या नॉन-स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग कर सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को अब कनेक्शन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नेटवर्क सुविधा नहीं है, वहां विशेष रूप से पारंपरिक मीटर लगाए जा सकेंगे।

**लाइन लॉस कम करने लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर**-प्रदेश बिजली चौरी और लाइन लॉस की वजह से बिजली कंपनियों को हर साल करोड़ों का घाटा हो रहा है। इस घाटे की भरपाई के लिए बिजली कंपनियां हर साल टैरिफ में इजाफा कर रही है। इसके बाद भी लाइन लॉस कम नहीं हो रहा है और बिजली कंपनियों का घाटा भी बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। प्रदेश की तीनों बिजली कंपनियां अपने कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगा रही है। इसके बाद भी अब तक स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। इसको देखते हुए बिजली कंपनियों ने आयोग स्मार्ट मीटर लगाए जाने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। इसको देखते हुए आयोग ने बिजली कंपनियों को यह राहत दी है। विद्युत विनियामक आयोग द्वारा बिजली कंपनियों को लाइन लॉस कम करने हर साल टारगेट दिया जाता है। वितरण कंपनियों को अगले दो साल में अपने लाइन लॉस में 10 से 15 फीसदी तक की कम करना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।